तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

4 छात्राओं की शिक्षा को गति देने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की पहल





### रक्तस्राव का खतरा होने के बाद भी नहीं पसीजा डॉक्टरों का दिल, लोगों के हस्तक्षेप के बाद रात में हुआ ऑपरेशन

# पेट में मृत नवजात को लेकर दो दिन तक मेकाहारा के चक्कर काटती रही मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कालेज में हुई एक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। 8 माह के मृत नवजात को पेट में लिए एक मां दो दिनों तक मेडिकल कॉलेज के चक्कर काटती रह गई, लेकिन उसकी पीड़ा को देख कर भी डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा। दूसरे दिन रात में जब पीड़िता की तकलीफ को देख लोगों ने हस्तक्षेप किया तब डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। इस घटना ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के दावों की पोल खोल कर रख दी है।

दरअसल पीड़िता रूखसाना बानो पति इकबाल कुरैशी (36) चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के जामगांव की रहने वाली है। उसके भाई हासिम कुरैशी ने बताया कि रूखसाना 8 माह से गर्भवती थी। उसे प्रसव पीड़ा होने पर 11 अक्टूबर की दोपहर उसके परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग लेकर गए थे, ताकि यह पता चल सके कि उसकी डिलीवरी कब होगी। लोईंग के डॉक्टरों ने चेकअप कर बताया कि रूखसाना के पेट में



नवजात की मौत हो चुकी है, उसे तत्काल बड़े अस्पताल ले जाया जाए वरना मां को अधिक रक्तस्राव हो सकता है और इससे मां की जान को भी खतरा है। तब परिजन आनन-फानन में उसी दिन शाम को रूकसाना को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां गायनिक वार्ड में उपस्थित एक महिला डॉक्टर उनसे ने कहा कि आज तो कुछ नहीं हो पाएगा, क्योंकि यहां बेड उपलब्ध नहीं है। तब परिजनों ने इसे लिखित में मांगा तो संबंधित महिला डॉक्टर ने कागज में यह लिख कर भी दिया। ऐसे में महिला के परिजन उसी हालत में उसे वापस घर ले गए।

#### दूसरे दिन भी घुमाते रहे डॉक्टर

हासिम ने बताया कि दूसरे दिन सुबह जब परिजन रूखसाना को फिर से मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे तो तत्काल उसे एडमिट करने के बजाय डॉक्टर उसे घुमाते रहे। पहले सोनोग्राफी कराने को कहा गया, जब परिजनों ने हाल ही में कराई गई सोनोग्राफी की रिपोर्ट उन्हें दिखाया तो वो मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद परिजनों द्वारा सोनोग्राफी और ब्लड टेस्ट कराया गया। तब तक दोपहर के 1 बज गए थे, इस बीच पेट में मृत नवजात को लिए महिला तड़पती रही।

#### एडमिट करने के बाद भी नहीं दिया ध्यान

पीड़िता के भाई हासिम कुरैशी ने बताया कि उनके द्वारा काफी प्रयास करने पर डॉक्टरों ने रूखसाना को दोपहर डेढ़ बजे एडमिट तो कर लिया, लेकिन कोई इलाज नहीं किया। ऐसे में तकलीफ परिजनों से बर्दाश्त नहीं हुई तो उन्होंने अपने जान-पहचान के लोगों को आपबीती बताई और मदद मांगी, तभी अस्पताल के डॉक्टर के पास उनके परिचितों का फोन आया और उन्होंने मामले में हस्क्षेप की तो महिला का ऑपरेशन किया गया।

#### तीन घंटे बाद किया ऑपरेशन

पीड़िता के भाई हासिम कुरैशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब उनके परिचितों ने डॉक्टर को फोन किया तो वो काफी चिढ़ गए। शाम करीब 3.30 बजे ऑपरेशन के लिए ओटी में ले जाया गया। उसके कुछ देर बाद 4 अन्य महिलाओं को भी ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। हासिम ने बताया कि उनकी बहन को सबसे पहले लेकर गए थे, लेकिन सबसे अंत में 7 बजे ऑपरेशन थियेटर से बाहर निकाला गया। इस तरह उन्हें काफी प्रताड़ित किया गया। फिलहाल अभी उसकी बहन मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ही भर्ती है।

#### प्रोटोकॉल के तहत किए हैं काम : विभागाध्यक्ष

इस संबंध में गायनिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. टीके साहू से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिन भी माताओं के पेट में बच्चा खराब हो जाता है उनमें माताओं को खून में थक्का नहीं बनने की शिकायत हो सकती है। उससे संबंधी जांच कराते हैं और जब तक रिपोर्ट नहीं आती तब तक रूकते हैं। ऐसे केस में डिलीवरी में विलंब इसलिए करते हैं कि मां को किसी प्रकार का खतरा न हो और उससे संबंधित तैयारी पहले पूरी करते हैं फिर उसके बाद जजकी की प्रक्रिया पूरी करते हैं। इस तरह के केस में परिजनों को समझाते हैं तो उन्हें लगता है कि हम जानबूझ कर लेट कर रहे हैं। जबकि ऐसे मामलों में 24 से 48 घंटे इंतजार करना पड़ता है। मैनें सुबह राउंड किया है, उसमें आप जिस महिला की बात कर रहे हैं वह अभी ठीक है। हम जो भी काम करते हैं, मेडिकल कॉलेज के प्रोटोकॉल के तहत करते हैं। हाई रिस्क वाले केस में और ज्यादा अलर्ट रहते हैं।

## खबर संक्षेप



### नशीली दवाओं की बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने कोडीन युक्त सिरप और अन्य नशीली दवाओं की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी करूणाधर यादव को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी करूणाधर यादव अपने रिश्ते के जीजा धनुर्जय यादव निवासी ग्राम लारीपानी के साथ मिलकर नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय था। वह तमनार क्षेत्र के अशोक बेहरा, सुशील राठिया और अनिल गुप्ता को यह नशीली दवाएं सप्लाई करता था। इससे पहले 29 सितंबर को मुखबिर सूचना पर तमनार पुलिस ने हिंझर तिराहा के पास दबिश देकर मोटरसाइकिल में नशीली दवाएं ले जा रहे आरोपियों ललित गुप्ता, अशोक बेहरा और सुशील राठिया को पकड़ा था। उनके कब्जे से नशीली दवाओं का जखीरा जप्त करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया था। पूछताछ में आरोपी सुशील राठिया ने बताया था कि उन्हें नशीली दवाएं करूणाधर यादव सप्लाई करता है। ऐसे में पुलिस ने आरोपी करूणाधर यादव की लगातार तलाश करते हुए मुखबिर का जाल बिछाया था। इसी क्रम में आरोपी के ग्राम केनापारा में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह मोबाइल फोन के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर कोडीन युक्त सिरप बेचता था और भुगतान ऑनलाइन प्राप्त करता था। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर भेज दिया है।

### बिलाईगढ़ कॉलेज में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में 13 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस व रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर मानवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एफआर निराला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके खूंटे के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना तुलेश्वर सिंह ध्रुवए प्रभारी यूथ रेड क्रॉस पंकज साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहयोग ब्लड सेंटर सारंगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ की टीम ब्लड कलेक्शन करने विशेष रूप से उपस्थित थे शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक, एनएसएस स्वयं सेवकए सहित 14 छात्र-छात्राओं ने रक्त दान किया साथ ही नगर के आमजन भी पीछे नहीं रहे और कुल 30 लोगों ने महाविद्यालय के शिविर में आकर रक्तदान किया। शिविर के दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, सिकलिन, रक्तसमूह का परीक्षण भी किया गया।

### राउरकेला में रोड रोमियो पर पुलिस का कहर

**राउरकेला।** शहर के पानपोष कॉलेज के पास सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने छात्रा के उपर रिवॉल्वर तान दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी कई दिनों से छात्रा का पीछा कर रहा था और मनचाही प्रतिक्रिया न मिलने पर सोमवार दोपहर उसने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पानपोष थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान उसने भागने की कोशिश की, जिसके बाद बल प्रयोग कर उसे काबू में किया गया। आरोपी के पास से एक देशी रिवॉल्वर बरामद की गई है। फिलहाल उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। बताते हैं की पकड़ाए युवक के दो साथी पकड़े गये।

### रजिस्ट्री ऑफिस लोगों के लिए बना वरदान

**पुसौर।** क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा पुसौर में रजिस्ट्री कार्यालय स्थापना को लेकर पुसौर तहसील क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। चूंकि इसमें क्रेता विक्रेता दोनों को सुविधा हो रही है, जबकि इसके पूर्व रजिस्ट्री के लिये कई दिनों से प्लानिंग करना पडता था और आने जाने के लिए समय के साथ अतिरिक्त खर्च भी होता था। प्रथम दृश्टया लग रहा था कि क्षेत्र के आधार पर पुसौर में रजिस्ट्री कार्यालय की शायद जरूरी नहीं थी लेकिन अब तक रजिस्ट्री के संख्या को देखा जाये तो इसकी स्थापना 10 साल पहले हो जानी चाहिए थी। इस आवश्यकता को क्षेत्रीय विधायक व मंत्री चौधरी ने भांप लिया था और इसका स्थापना भी करवा दिया। यहां के पंजीयक के मुताबिक अब तक 190 रजिस्ट्री कार्य हो चुके हैं। जमीन के कारोबार से जुडे पुसौर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र साव ने बताया कि पुसौर में रजिस्ट्री कार्यालय के स्थापना से महिला भू स्वामी एवं बुजुर्ग भु स्वामियों के लिए बहुत ही सुविधाजनक है। चूंकि यहां कागजात बनने के तुरंत बाद उन्हें फोन कर देने से यहां आ जाते हैं और उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पडता।

## जंगली सूअर मारने के लिए बिछाए करंट की चपेट में आकर अधिकारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगली सूअर मारने के लिए बिछाए गए करंट की चपेट में आकर कृषि विस्तार अधिकारी की अकाल मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल लाल कुमार साहू 40 वर्ष ग्राम खम्हार के रहने वाले थे और वर्तमान में गुडुबहाल बहमा में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। अधिकारी का खेत जंगल के करीब स्थित है, जहां वो अक्सर अपने फसलों की देखरेख करने जाते थे। रविवार को वो अपने चाचा के बेटे आलोक साहू के साथ खेत की रखवाली करने बाइक से गए थे। रात में खेत की रखवाली के दौरान दोनों खेतों के आसपास पटाखे फोड़ने की तैयारी कर रहे थे, ताकि जानवर खेत में घुस न कर सकें। इस दौरान जैसे ही लाल कुमार बाइक से उतरे खेत में बिछाए गए तार की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आलोक साहू ने घटना को देखकर शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और



पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से करंट युक्त तार जब्त कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है।

## जल-जंगल-जमीन बचाने सड़क पर उतरे ग्रामीण, भू अर्जन निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए अब तमनार क्षेत्र के ग्रामीण सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। उनके द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर बनाई कोल ब्लॉक के भू-अर्जन को निरस्त करने की मांग की गई है।

दरअसल जिले का तमनार क्षेत्र औद्योगिकरण से लगभग बर्बादी के कगार पर पंहुच गया है। घने वन से घिरे इस क्षेत्र में अब जंगल भी घटते जा रहे हैं। बावजूद इसके औऱ खदानों को शासन से मंजूरी दी जा रही है, जिस पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे बैठे हैं। आदिवासी बाहुल क्षेत्र



होने की वजह से यहां के लोग खेती व वनोपज के भरोसे ही जीवन यापन करते हैं। औद्योगिकरण व कोल माइंस के कारण लगातार घटते जंगल व क़ृषि रकबे से आदिवासी परेशान हैं। यही वजह है कि अब जल जंगल जमीन बचाने क्षेत्र के लोग सड़क पर उतर रहे हैं। इसी क्रम में बनाई कोल ब्लॉक के लियेए शासन द्वारा किए जाने वाले भू अर्जन के विरुद्ध भी सोमवार को ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पंहुच कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने पिछले 10वर्षो से जमीन लेने के बाद भी एनटीपीसी व जेएसडबल्यू के भू-अर्जन को निरस्त करने व अन्य कंपनी को भी नहीं देने की मांग की है। ग्राम पंचायत नूनदरहा के ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में कहा है कि बनाई कोल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत नूनदरहा में कोल ब्लॉक के लिए भू-अर्जन लगाया गया है। क्षेत्र के किसान जिंदल पॉवर लिमिटेड सहित अन्य किसी कंपनी को भी नहीं देने का प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित किया गया है। कलेक्टर से उन्होंने भू-अर्जन निरस्त करने की मांग की है।

## मर जाएंगे पर उद्योग को नहीं देंगे अपनी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के पुसौर ब्लॉक के ग्राम कोतमरा के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में हल्ला बोलते हुए अडानी के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। किसानों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपते हुए 15 दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वो मर जाएंगे, लेकिन अपनी एक इंच जमीन अडानी के नाम नहीं करेंगे।

**खास बात**

- कोतमरा के ग्रामीणों ने अडानी के खिलाफ भरी हुंकार

दरअसल सोमवार को पुसौर विकासखंड के ग्राम कोतमरा से



पिकअप वाहन में सवार सैकड़ों लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने अडानी के कंपनी के खिलाफ में जिस कदर अपनी भड़ास निकाली उससे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सरपंच अमीन पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल करने वाले ग्रामीणों ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की गैरहाजिरी में डिप्टी कलेक्टर अपूर्व टोप्पो को 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए यह घोषणा भी की कि अगर 15 दिन में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं निकला तो वे आंदोलन का सिलसिला शुरू करते हुए जलसमाधि, इच्छामृत्यु जैसे बेहद संवेदनशील प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि औद्योगिक प्रयोजन के लिए निजी भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित है। इसमें ग्राम कोतमरा का 116.344 हेक्टेयर खेती भूमि भी शामिल है। इस भूमि को ग्राम कोतमरा के भूमि धारक कृषक किसी भी उद्योग या कंपनी को देना नहीं चाहते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि अधिकांश जमीन पूर्वजों से प्राप्त पैतृक जमीन व कृषि ही जीवन यापन का मुख्य साधन है। भू अर्जन से कृषक भूमिहीन व बेरोजगार हो जाएंगे और उनके परिवार के पालन पोषण के लिए आय का जरिया समाप्त हो जाएगा। गांव का कोई भी किसान अपना जमीन कंपनी को देना नहीं चाहता है, इसलिए इस संबंध में ग्रामसभा आयोजित कर जमीन नहीं देने के लिए 2 बार ग्रामसभा में प्रस्ताव भी पारित कर लिया गया है।

## मारपीट कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार तमनार पुलिस ने रिमांड पर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार पुलिस ने बीते सितंबर माह में ग्राम झिंकाबहाल में हुई मारपीट की घटना के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर गैर जमानती धाराओं के तहत रिमांड पर भेजा है। घटना 22 सितंबर की है, जब झिंकाबहाल में आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। कार्यक्रम समिति के सदस्य धीरज बेहरा और उपेंद्र बेहरा ने बीच-बचाव करने की कोशिश की थी, जिसके बाद कार्यक्रम समाप्त होने पर आरोपीगण ने दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना को लेकर आहत धीरज बेहरा के पिता अरूण बेहरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया जिसके अनुसार, दोनों पीड़ित जब रात को गांव पानी की टंकी के पास हाथ-पैर धो रहे थे, तभी आरोपी संजीव बेहरा बागचाडी, राजा बोहिदार तमनार, दीपक पटेल बुडिया सहित अन्य वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। मारपीट



में धीरज और उपेंद्र बेहरा गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए जिंदल फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया और बाद में रायगढ़ फोर्टिस अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों की जांच में उपेंद्र बेहरा के फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते हमला करने की बात कबूल की है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हॉकी स्टिक और बांस की लाठियां भी बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### जोबी चौकी पुलिस ने रेत तस्करों पर की कार्रवाई

## मांड नदी से अवैध रेत परिवहन करते 9 ट्रैक्टर पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को जोबी चौकी पुलिस ने रेत तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मांड नदी से जिला सक्ती की ओर जा रहे जोबी मार्ग पर अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 9 ट्रैक्टरों को पकड़ा है। पुलिस ने जब वाहनों को रोककर पूछताछ की तो किसी भी चालक के पास रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज नहीं मिले। मौके पर ही सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर विधिक कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अवैध रेत परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। जोबी पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई



पुलिस अधीक्षक के अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के अभियान की एक और बड़ी सफलता है, यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

#### ये वाहन चालक चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्रवाई में हितेश वैष्णव पिता फकीर दास 28 वर्ष ग्राम पलगड़ा थाना खरसिया, दीपक कुमार राठिया पिता आत्माराम 29 वर्ष ग्राम चैनपुर थाना करतला जिला कोरबा, लोकेश धनवार पिता दुकालू धनवार 22 वर्ष ग्राम देहजरी थाना खरसिया, सेलुराम चौहान पिता भोदूराम 55 वर्ष ग्राम टोहीलाडीह थाना सक्ती, जिला सक्ती, तुलेश्वर राठिया पिता करम सिह 24वर्ष ग्राम पलगड़ा थाना खरसिया, राजकुमार डनसेना पिता मोहन डनसेना 30 वर्ष ग्राम देहजरी थाना खरसिया, जनक राम साहू पिता स्व. हेतराम 50 वर्ष ग्राम कोठीकुण्डा चौकी जोबी, छबीलाल राठिया पिता लेखराम 23 वर्ष ग्राम सेंद्रीपाली थाना करतला जिला कोरबा व हरिलाल राठिया पिता भुवनेश्वर 22 वर्ष ग्राम केरवाद्वार थाना करतला, जिला कोरबा पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

## फरार गांजा तस्कर को पुलिस ने जशपुर में दबोचा

**रायगढ़।** जोबी पुलिस ने गांजा तस्करी के फरार आरोपी सोनू लाल सोनार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी के गांव आमटोली, थाना बागबहार जशपुर में दबिश दी, जहां से सोनू लाल को पकड़कर रायगढ़ लाया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त ऑल्टो कार को भी जब्त किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी सोनू लाल एक सक्रिय गांजा तस्करी गिरोह का हिस्सा है। वह मनोज साहू के साथ मिलकर ओडिशा से गांजा लाकर रायगढ़ क्षेत्र में सप्लाई करता था। ज्ञात हो कि 26 अगस्त को चौकी प्रभारी जोबी एएसआई लक्ष्मी राठौर के नेतृत्व में ग्राम कुरु में बड़ी कार्रवाई की गई थी, जहां से पुलिस ने अनीता बाई अगरिया के घर से 64 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया था। पूछताछ में अनीता बाई ने बताया था कि यह गांजा ओडिशा से लाकर उसके घर में सरस्वती साहू, मनोज साहू, सोनू लाल सोना और लवकेश पांडे द्वारा रखा गया था, जिसे ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश भेजा जाना था। उस दौरान जोबी पुलिस ने सरस्वती साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि सोनू, मनोज और लवकेश फरार थे। अब सोनू लाल सोनार पिता मत्थु लाल 21 वर्ष निवासी ग्राम आमाटोली थाना बागबाहर जिला जशपुर की गिरफ्तारी की गई है।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर साहू ने सुनी आम जनता की समस्याएं



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनका समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। जनदर्शन के दौरान आज लगभग 32 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका संबंधी और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### घर के परछी से बाइक चोरी,अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम मांजा परसापारा निवासी सुरेश कुमार साहू आ. राम स्वरूप साहू (28 वर्ष) गत दिन अपने पुराने घर परसापारा बाइक क्रमांक सीजी 29 एजी 6335 से गया था। रात में भोजन करने के पश्चात बाइक को सुरेश भारती के घर के परछी में खड़ा कर सोने चला गया। सुबह उठा और बाइक लेने गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मायके नहीं जाने देने पर महिला ने पी जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम कंनकनगर निवासी चारो कवर पति छोटेलाल कवर (22 वर्ष) 9 अक्टूबर को पति छोटे लाल से मायके महेशपुर जाने की बात कही। जिस पर पति ने जाने से मना कर गांव में घूमने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा पत्नी उल्टी कर रही है। छोटेलाल ने कीटनाशक की गंध आने पर कीटनाशक पी लेने पर उसे तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### टाइगर प्वाइंट के झरने से नीचे गिरा युवक, मौके पर मौत

**अंबिकापुर/मैनपाट।** पर्यटन स्थल मैनपाट के टाइगर प्वाइंट झरने से गिरकर रविवार को एक युवक की मौत हो गई। युवक लगभग 40 फीट की उंचाई से नीचे गिरा। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि युवक लम्बे समय से बीमार था। ऐसे में आशंका है कि युवक ने कूदकर आत्म हत्या की है। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के नर्मदापुर निवासी 30 वर्षीय मयंक यादव आ. बलराम यादव रविवार की दोपहर घर से यह कहकर निकला था कि वह टाइगर प्वाइंट झरने में नहाने के लिए जा रहा है। इस दौरान युवक झरने के प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंच गया और घूमते हुए झरने से नीचे गिर गया। जिस समय यह हादसा हुआ उस दौरान घटना स्थल पर बड़ी संख्या में शैलानी मौजूद थे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लगभग 40 फीट की उंचाई से युवक नीचे पत्थरों के बीच गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके पुलिस ने झरने के नीचे तलाश शुरू की। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बरामद किया। मृतक की शिनाख्त होने के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। पहले भी की थी आत्महत्या की कोशिश बताया जा रहा है कि मृतक मयंक यादव को ट्यूमर से ग्रसित था और लम्बे समय से बीमार चल रहा था।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिले में हुआ आयोजन

# जशपुर जिले से 8500 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 13 अक्टूबर को पूरे छत्तीसगढ़ में सम्पन्न हुआ एवं इस वर्ष जशपुर जिले से 8500 से अधिक की संख्या में विद्यार्थियों का परीक्षा में शामिल हुए।

परीक्षा में कक्षा 5वीं से 12वीं तक एवं महाविद्यालय स्तर में भी परीक्षा में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उक्त परीक्षा में बच्चों को भारतीय संस्कृति, बाल संस्कार, नैतिक शिक्षा आदि विषयों से संबंधित हल करने के लिए 100 प्रश्न दिए गए थे जिसे ओ एम आर शीट में उत्तर अंकित करना था। इस वर्ष बच्चों एवं शिक्षकों में परीक्षा के प्रति अच्छा विशेष उत्साह एवं उमंग देखा गया। परीक्षा समिति के जिला संयोजक साहदुल सिंह ने बताया कि बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ विद्या की भी आवश्यकता होती है एवं बच्चों के नैतिक चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह परीक्षा पूरे देश में शांतिकुंज हरिद्वार परीक्षा समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है के जिसमें भारत के 22 राज्यों के साथ नेपाल देश में दो लाख से अधिक विद्यालयों में दो लाख शिक्षकों एवं गायत्री परिवार के लाखों कार्यकत्ताओं के अमूल्य सहयोग से सम्पन्न होती है, जिससे 40 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। जिला परीक्षा समिति के सदस्य मनियार साय पैंकरा ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को महान भारतीय संस्कृति से परिचित करना है साथ ही साथ ही बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करना राष्ट्रीय प्रेम, सत्य, न्याय, वीरता, दया, करुणा, उच्च स्तरीय एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को जागृत करना, दुर्व्यसनो से छूटकरा, राष्ट्रीय गौरव का सम्मान करना भी परीक्षा का उद्देश्य है। परीक्षा के जिला सचिव रवि गुप्ता ने बताया कि परीक्षा हेतु नामांकन करने वाले बच्चों को परीक्षा से संबंधित एक साहित्य दिया जाता है एवं मेरिट सूची में आने वाले छात्रों को जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर भी सम्मानित किया जाता है एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। उक्त परीक्षा को संपन्न कराने में जिला परीक्षा समिति के सदस्य साहदुल सिंह, एम एस पैंकरा, रवि गुप्ता, दौलत राम चौहान जशपुर से डमरूधर स्वर्णकार, राजेश्वरी साहू, श्वेता दुबे, किरण सिंह, कुनकुरी से विनायक साय, संजय नायक दुलदुला से रामेश्वर विश्वकर्मा, गौरीशंकर निराला, टी आर यादव कांसाबेल से प्रेमशंकर यादव, सीबी पैंकरा, फरसाबहार से राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र गुप्ता,प्रमोद साव,किशोर साव पत्थलगांव से कांशीराम श्रीवास, प्रकाश यादव, गणेशराम भगत, संतेश्वर यादव, मनोरा से भूखला राम, बगीचा से वीरेंद्र शास्त्री एवं सभी विद्यालय के शिक्षक गण की सहभागिता सराहनीय रूप से रही।

■ बच्चों के नैतिक चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास हेतु ली जाती है परीक्षा



# दो सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल

## एक की हालत नाजुक अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर

**जशपुरनगर।** रविवार की रात जशपुर जिले में सड़कों पर फिर मौत ने दस्तक दी। नारायणपुर–बगीचा स्टेट हाइवे मार्ग पर हुए दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों हादसों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहली घटना देर रात करीब 10:30 बजे साहीडांड और भीतघरा के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक नशे की हालत में तेज रफ्तार से जा रहा था। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 संजीवनी एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए बगीचा अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

वहीं दूसरी घटना सेंद्रीमुंडा-साहीडांड मार्ग पर हुई, जहां ऑल्टो कार और टवेरा वाहन की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि टवेरा में सवार श्रद्धालु कुदरगढ़ मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने टवेरा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और टवेरा में सवार श्रद्धालु घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत घायलों को सड़क से निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से होलीक्रॉस अस्पताल कुनकुरी भेजा, जहां सभी का उपचार जारी है। सूचना मिलते ही कुनकुरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# बगीचा में शिक्षकों की समीक्षा बैठक

**बगीचा।** शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हाई स्कूल बगीचा में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, प्रदीप राठिया ने की। इस दौरान क्षेत्र के सभी प्राचार्य, प्रधान पाठक और शिक्षक उपस्थित रहे।

■ छात्रों के जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी और गौ-विज्ञान परीक्षा पंजीयन पर दिए निर्देश

### इन विषयों पर हुई चर्चा

बैठक में शिक्षकों के कार्य, विद्यालयों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों एवं शासकीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही अपार आईडी, यू-डाइस एंट्री, "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान, यशस्वी जशपुर, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं धरती आभा पोर्टल जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।




**विद्यालयों की पहचान केवल भवनों से नहीं, वहां दी जाने वाली शिक्षा से होगी:** एसडीएम प्रदीप राठिया ने अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि अब विद्यालयों की पहचान केवल भवनों से नहीं, बल्कि वहां दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता से होगी। प्रत्येक शिक्षक को नियमित उपस्थिति के साथ बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए सक्रिय रहना होगा। शासकीय योजनाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।उन्होंने आगे कहा कि हर विद्यार्थी में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करना ही शिक्षक का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए।

### जाति प्रमाण पत्र के लिए विशेष शिविर का आयोजन होगा

एसडीएम ने इस दौरान यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र शीघ्र तैयार किए जाएं और इसके लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि किसी छात्र को शासन की शैक्षणिक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बाधा न आए।

# जशपुर की बेटियों का जलवाः 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट में सरगुजा जोन उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सरगुजा जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब जीता।

टीम की इस सफलता में जशपुर के खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके चलते सरगुजा जोन ने लगातार दूसरे वर्ष सिल्वर मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। टूर्नामेंट में सरगुजा अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टीम ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जोन की टीमों को कड़ी चुनौती दी। अपने सफर में सरगुजा की टीम ने क्रमशः बस्तर जोन, दुर्ग जोन, और बिलासपुर जोन को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।

■ रायपुर जोन को कड़ी टक्कर देकर जीता सिल्वर




### जशपुर की खिलाड़ियों का रहा दबदबा

सरगुजा क्रिकेट टीम की कप्तान वर्षा बाई थीं। टीम में शामिल अधिकतर खिलाड़ी जशपुर जिले के ईचकेला हॉस्टल और लूथरन हाई स्कूल से थीं, जिनमें वर्षा बाई, एंजिल लकड़ा, साक्षी यादव, पूर्वंशी साहू, संतोषी बाई, रितु भगत, रेखा बड़ा, अजंतीबाई, सुप्रिया मिंज, तुलसीका आदि शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी लूथरन हाई स्कूल ईचकेला में पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट का अभ्यास करती हैं। खिलाड़ियों के कोच संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरगुजा की 16 सदस्यीय टीम में जशपुर के इन खिलाड़ियों के अलावा अंबिकापुर के दो, कुनकुरी से दो खिलाड़ी और कोतबा से मीनाक्षी यादव भी सम्मिलित थीं।

### फाइनल में रायपुर जोन से मुकाबला

फाइनल मुकाबला सरगुजा अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टीम और रायपुर जोन के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में सरगुजा टीम उपविजेता रही और सिल्वर मेडल प्राप्त किया, जबकि रायपुर जोन ने गोल्ड मेडल जीतकर टूर्नामेंट अपने नाम किया।

### गौरव का क्षण

युवा समाजसेवी और पूर्व खिलाड़ी सूर्यकांत चन्द्रा ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जशपुर के लिए गौरव की बात है कि हमारी टीम ने लगातार दूसरे वर्ष सिल्वर मेडल लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये सभी खिलाड़ी महारानी क्रिकेट क्लब का नाम रोशन कर रही हैं और बालिकाओं को खेल के प्रति रुचि लाने का काम भी कर रही हैं।

# मनोरा में खुलेंगे पोषण पुनर्वास केंद्र



**जशपुरनगर।** सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विश्वास राव मस्के की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने तथा पोषण संबंधी सुधारों पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा में पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों के उपचार और देखभाल के लिए एनआरसी की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि एनआरसी प्रारंभ करने के लिए आवश्यक राशि हेतु जिला स्तर पर मांग पत्र भेजा जाएगा, ताकि जल्द से जल्द इसकी स्वीकृति प्राप्त कर केंद्र का संचालन प्रारंभ किया जा सके। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जीवन दीप समिति की भूमिका को और सक्रिय बनाते हुए अस्पतालों में जनसहभागिता एवं पारदर्शिता बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस बैठक से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, विशेष रूप से कुपोषण के विरुद्ध यह पहल सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# आयुष विभाग की विभिन्न गतिविधियां व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वां वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी जशपुर के मार्गदर्शन में रजत जयंती विशेष सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आयुष विभाग के द्वारा विगत दिवस 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय जशपुर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया एवं 11 अक्टूबर को स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा जिले के समस्त आयुष संस्थाओं में हर्बल गार्डन भ्रमण किया गया एवं औषधीय पौधों शतवारी, सहिजन, एलोवेरा, अपराजिता, एरण्ड, अमलतास, नीम, तुलसी इत्यादि के बारे में जानकारी दी गयी। रजत जंयती विशेष सप्ताह के जिला नोडल एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिकृष्ण श्रीवास और आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा रजत जयंती विशेष सप्ताह के रविवार को जशपुर के बाजारडांड में निःशुल्क जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर एवं औषधीय पौधों के प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 446 रोगियों का उपचार किया गया। इनमें आयुर्वेद पद्धति से 248 एवं होम्योपैथी पद्धति से 198 रोगियों का तथा रक्त परीक्षण से 56 रोगीयों को लाभान्वित किया गया। आयुष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के द्वारा किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आयुर्वेद एक प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है, जिसका प्रयोग जीर्ण रोगों में अत्यंत कारगर है। जशपुर जिला वनौषधियों का भण्डार है।

औषधियों की पहचान एवं उपयोग की आवश्यकता है। आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औषधियों की पहचान एवं उनकी रोगों में उपयोग की जानकारी जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण पहल आयुष विभाग द्वारा किया जा रहा है। जो अत्यंत सराहनीय है। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.एलआर भगत द्वारा आयुष विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिकृष्ण श्रीवास, डॉ.कपिल श्रीवास्तव आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ.अम्बिका नायक होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, डॉ.योग्या यादव आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ.निकिता मिंज आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पूजा भगत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, शरद साहू आयुर्वेद फार्मासिस्ट, कृष्ण कुमार दिनकर पंचकर्म सहायक इत्यादि ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।



### गांजा की खेप मंगाने वाला युवक गिरफ्तार, यूपी से पकड़ा गया आरोपी

**अम्बिकापुर।** शहर में गांजा की खेप मंग्वाले वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गये आरोपी से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने 15 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोई संदिग्ध व्यक्ति सतगुरु कबीर आश्रम के पीछे गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर यूपी के सोनभद्र परसौना निवासी 19 वर्षीय आशुतोष शर्मा आ. विजय नारायण शर्मा को हिरासत में लेकर उसके पास से 6.5 किलोग्राम गाजा बरामद किया था जिसकी कीमत लगभग 1.25 लाख है। आरोपी से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने गांजा गुरुचरण यादव के कहने पर उड़ीसा से बिक्री करने के लिए लेकर आया था। ऐसे में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। अब पुलिस ने इस मामले में यूपी सोनभद्र के करमा खैराही अंतर्गत ग्राम सरौली निवासी 20 वर्षीय गुरुचरण यादव आ. धनेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# पथ संचलन में दिखा एकता और राष्ट्रभाव का अद्भुत संगम

**जशपुरनगर।** बच्छरांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए रविवार को पथ संचलन निकाला गया। रास्ते में जगह जगह पर सामाजिक संगठनों,व ग्रामीणों ने घरों के सामने पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस पथ संचलन कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता,संघ संस्थापक डा केशव राव बली राम हेडगेवार और माधव राव सदाशिव गोवलकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन कर शस्त्र पूजन कर बैंड बाजाओं के साथ पथ संचलन शुरु किया गया। पथ संचलन बच्छरांव हाई स्कूल ग्राउंड से शुरु कर कुशुमटोली, अटल चौक, गंझुटोली होते हुए माझाटोली तक कंधे मे दंड लेकर संघ के गानों के साथ भ्रमण किया गया। पथ संचलन के समय हर चौक चौराहों पर भगवा रंगों मे मातृ शक्ति माताओं,बहनों के द्वारा स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा,आरती एवं वन्दे मातरम, भारत माता की जय के नारों से स्वागत कर स्वयं सेवकों का उत्साह बढ़ा रहे थे साथ ही जगह जगह पर पथ संचलन मार्ग पर रंगोली से सजा रखे थे जो देखने लायक था।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन वर्ष 1925 मे डा हेडगेवार ने की सौ। संघ की सौ वर्ष पूर्ण होने पर संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है।संघ आज विश्व की सबसे बड़ा स्वयं सेवी संघठन बन चुका है।संघ ने समाज के हर वर्ग को संघठित करने और राष्ट्रहित मे कार्य किया है।संघ ने राष्ट्रनिर्माण के लिए समय समय पर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के हर वर्ग हेतु कार्य किया है।शाखाओं के माध्यम से शारीरिक,बौद्धिक और नैतिक प्रशिक्षण देकर संघ स्वयं सेवकों मे अनुशासन,त्याग और सेवा की भावना का संचार करता है।संघ का मूल उद्देश्य हिन्दु समाज को संघठित करना और राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रांत प्रमुख छ ग ललित कुमार मानिकपुरी प्रमुख वक्ता ने कहा स्वयं सेवकों को जय जय कार नही चाहिए, भारत माता की जय जय कार होनी चाहिए।उन्होंने आगे कहा संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है। सनातन ही राष्ट्र है,सामान्य समाज मे ही देश भक्ति का भावना है।भारत के सर्वांगिन विकास के लिए स्वयं सेवकों ने आजन्म काम करने के लिए संकल्प लिए हैं। प्रांतीय अध्यक्ष मुंडा समाज के शंकर राम बरला ने अपने संबोधन मे राष्ट्र ही सर्वोपरी विचारों को रखते हुये जाति धर्म,संस्कृति पूजा पद्धति को नही बदलने एवं संघ मे युवा युवती को जोड़ने के साथ गांव मे संघठित रहने को कहा। उक्त कार्यक्रम मे खंड संचालक सुभास चंद्र सहित,सहखंड कार्यवाह एवं जिला के प्रकाश यादव सम्पर्क प्रमुख एवं शारीरिक शिक्षण प्रमुख अर्जुन नागदेव बौद्धिक प्रमुख सुखनाथ राम खंड सम्पर्क प्रमुख विमल नायक एवं मुख्य वक्ता तुलसीदास मानिकपुरी सहित जिला,खंड एवं मंडल के स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति एवं मातृ शक्ति माताएँ बहनें उपथ उपस्थित रहे।



### संघ के शताब्दी वर्ष पर केराडीह में भव्य पथ संचलन

कुनकुरी के केराडीह मंडल में विजयादशमी एंव पथसंचलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ,पथसंचलन के बाद धुप दीप जला कर और भारत माता ,डा, हेडगेवार, गुरूजी के चित्र पर माल्यार्पण कर इसके बाद सत्र की पुजा हुवी तत पश्चात ध्वज लगाकर प्रार्थना हुवी मुख्यतिथि प्रभाकर यादव जी के द्वारा उदबोधन हुवा मुख्य वक्ता हेमन्त नाग जी विभाग प्रचारक,विभाग सरगुजा,के द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सितम्बर सन 1925 को विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की गयी थी सितम्बर सन 2025 को 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के रूप मनाने के उदेश्य के बारे बताया गया जिसमे हिन्दु संगठन को मजबूत करने व देश हित ,राष्ट्र हित आपतकाल स्थिति में सहयोग करने व सन 1947 में भारत देश की आजादी के समय बलिदान हुवे और स्वयं सेवक देश ,व राष्ट्रीय हित और धर्म रक्षा के लिए हमेशा सबसे आगे खड़े रहते है डा, केशव बलीराम हेडगेवार जी के जीवनी के बारे में भी बताए राष्ट्रीय स्वयं सेवकों की बीर गाथा के बारे बताया गया।

**ये रहे उपस्थितः** मुख्य अतिथि प्रभाकर यादव, मुख्य वक्ता हेमन्त नाग, विभाग प्रचारक , विभाग सरगुजा, खण्ड कार्यवाह अशोक चौहान, खेमलाल खुटे, शंकर यादव विद्याधर सिंह, चन्द्रकिशोर सिंह मंडल पालक, महानंद सिंह देवचरन चौहान, मंडल कार्यवाह अनुपनारायण सिंह , बिहारी नायक, दिनेश राम संतोष यादव, मंडल संयोजक विनय यादव सह संयोजक राहुल कश्यप, घोष प्रमुख कार्तिक चक्रवर्ती पोसनारायण, एंव सैकड़ों स्वयं सेवक व जिला, खण्ड ,मंडल,के दायित्व वान कार्यक्रताऔर मंडल केराडीह के बंधु,भगिनी उपस्थित हुवे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधी कार्यशाला

**जांजगीर-चांपा।** पोषण अभियान, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत एवं अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मेगा हेल्थ कैम्प, महिला सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोहन कुमारी, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी राजवाड़े, पूर्व जनपद अध्यक्ष नवागढ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति जांजगीर की सदस्य श्रीमती उषा शांडिल्य, विषय विशेषज्ञ संचालनालय महिला एवं बाल विकास विपिन ठाकुर, श्रीमती संगीता पाण्डेय, राजकुमार शमा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बड़ी संख्या में बालिकाएं व महिलाएं उपस्थित थे।

### गांव-गांव में हुआ दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन जिले के गांव-गांव में हुआ। कार्यक्रम में ग्राम की दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने "मेरी कहानी, मेरी जुबानी" के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। अकलतरा जनपद पंचायत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में आयोजित दीदी के गोठ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी एवं जनपद पंचायत अकलतरा अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया ने नवनिर्मित संकुल भवन का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त और मजबूत बन रही है और इससे गांव के विकास के साथ ही जिले का भी विकास हो रहा है।

## निधन

### रामवती नरसिंह थवाईत

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड



क्रमांक 9 निवासरत पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत के दादी मां श्रीमती रामवती नरसिंह थवाईत का निधन हो गया, वे लगभग 83 वर्ष की थीं। रितेश थवाईत के दादा डा. नरसिंह थवाईत के निधन के बाद श्रीमती रामवती थवाईत अपने तीनों बेटे सुशील थवाईत, विलास थवाईत एवं राजेन्द्र थवाईत के परिवार को एक सुत्र में पिरोये रखने में कारगर साबित हुई थीं। इनके ही आशीर्वाद से इनके दो दवा दुकान भी चल रहा है और इनके नाति रितेश थवाईत नगर अध्यक्ष रहे और आज भी वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद हैं। इनके निधन पर वर्तमान नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव सहित सभी पार्षद एवं पुर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि इस दुखद बेला में भगवान इन्हें संबल प्रदान करें।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम कंचनपुर प ह.नं. 16
रा.नि.मं सरिया, तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदगोपाल प्रधान पिता स्व. श्री देबो प्रधान निवासी राजपुर तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने माता द्रोपती प्रधान का मृत्यु दिनांक 23.10.1996 (शब्दों में तेईस अक्टूबर उन्नीस सौ छीयान्बे) को ग्राम राजपुर में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 25.10.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया**

### स्पर्धा में 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की टीम ने भाग भाग लिया

# मोना स्कूल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता देशराग भिलाई में सर्वश्रेष्ठ संस्थान का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर



भिलाई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता देशराग में मोना स्कूल सारंगढ़ ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से नगर और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में मोना स्कूल सारंगढ़ के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की विशाल टीम ने भाग लेकर विभिन्न नृत्य, गायन एवं वादन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए।

विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का सम्मान प्रदान किया गया, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में डॉ. तोषी गुप्ता के निर्देशन में अभ्युदय नृत्य कला केंद्र के छात्राओं ने शास्त्रीय कथक नृत्य एवं अर्धशास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए। गायन और वादन का प्रशिक्षण सुश्री मेघना सिंह द्वारा प्रदान किया गया। विशेष उपलब्धियों में शार्वी केशरवानी का चयन जयपद्म सम्मान के द्वितीय चरण के लिए हुआ। फेस्टिवल आर्टिस्ट के रूप में शार्वी को कला अलंकरण सम्मानश से सम्मानित किया गया जबकि शास्त्रीय कथक नृत्य जूनियर वर्ग कि प्रतियोगिता में शार्वी के अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए उन्हें नवोदित प्रतिभा सम्मान से भी अलंकृत किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट निर्देशन और कलात्मक योगदान के लिए डॉ. तोषी गुप्ता एवं सुश्री मेघना सिंह को कला गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय कला एवं संस्कृति के संवर्धन में उनके अमूल्य योगदान की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया।

यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता देशराग नृत्यधाम कला समिति, भिलाई द्वारा आयोजित की गई थी। समिति की निदेशक डॉ. राखी राय हैं, जिन्होंने भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। शास्त्रीय समूह नृत्य कथक जूनियर वर्ग प्रथम स्थान, प्रतिभागी, शार्वी केशरवानी, सुहानी स्वर्णकार, अक्षिता तिवारी, समृद्धि केशरवानी, संस्कृति केशरवानी, वंदना साहू, ऐश्वर्या केशरवानी, अर्धशास्त्रीय समूह नृत्य जूनियर वर्ग प्रथम स्थान, प्रतिभागी, प्रिंसी केशरवानी, अंतरा केशरवानी, आरुषि केशरवानी, गीतिका जांगड़े, अर्ली सिंह ठाकुर, पूजा पटेल, दिशा केशरवानी, अलभ्या सुल्तानिया, वसुधा तिवारीएप्रगति तिवारी अर्धशास्त्रीय समूह नृत्य, सब.जूनियर वर्ग प्रथम स्थान, प्रतिभागी, पलक केशरवानी, इविनीत कौर, शगुन सुल्तानिया, सिद्धि केशरवानी, आध्या केशरवानी, निष्ठा स्वर्णका, मिशिका गुप्ता, श्रेया केशरवानीए, दीपांशी यादव, अमी चौहान, संजना चौहान शास्त्रीय नृत्य कथक सीनियर वर्ग, सुहानी स्वर्णकार, द्वितीय स्थान। शास्त्रीय नृत्य कथक जूनियर वर्ग समृद्धि केशरवानी एवं अक्षिता तिवारी, द्वितीय स्थान। शास्त्रीय गायन हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत जूनियर वर्ग, श्रेया नारंग, प्रथम स्थान। शास्त्रीय तबला वादन सब जूनियर वर्ग जतिन पटेल, प्रथम स्थान। शास्त्रीय गायन हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत सीनियर वर्ग ऋषभ कुलदीप, द्वितीय स्थान पर रहा।



## डीएवी पब्लिक स्कूल में रन फॉर डीएवी का आयोजन

**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में रन फॉर डीएवी के अंतर्गत 2 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन रविवार सुबह 7 बजे एनटीपीसी आवासीय परिसर में किया गया। आयोजन में एनटीपीसी परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह एवं एनटीपीसी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। अखिलेश सिंह ने रन फॉर डीएवी झंडा दिखा कर मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है इसमें जीत-हार से अधिक भाग लेना महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। इस मैराथन दौड़ में कक्षा 6 वीं से कक्षा 8 वीं तक के वर्ग में प्रथम स्थान विराट जायसवाल, द्वितीय स्थान माधव सिदार, तृतीय स्थान अर्पित शर्मा ने प्राप्त किया। कक्षा पांचवी के वर्ग में प्रथम स्थान भूपेंद्र सिदार, द्वितीय स्थान अक्षित विश्वकर्मा, तृतीय स्थान विराज जायसवाल एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हिमाद्री बेहरा, द्वितीय स्थान रीत सिदार ने प्राप्त किया। इस आयोजन में सभी बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के अंत में सभी को स्वल्पाहार दिया गया।



## छात्राओं की शिक्षा को गति देने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की पहल

**तमनार।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहित करने और छात्राओं की शैक्षणिक यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। तमनार ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद विद्यालय, कुंजेमुरा में अध्ययनरत ग्राम पंचायत सराईटोला और मुड़ागांव की 29 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।

▪ सराईटोला और मुड़ागांव की 29 छात्राओं को साइकिल वितरित

ये छात्राएं प्रतिदिन अपने गांव से विद्यालय तक लगभग 4 से 5 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करती थीं। इस दौरान उन्हें तेज धूप, बारिश, कीचड़ और जंगली रास्तों जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समय पर विद्यालय पहुंचना चुनौतीपूर्ण होता था, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब साइकिल मिलने से ये छात्राएं प्रतिदिन समय पर विद्यालय पहुंच पाएंगी और पढ़ाई के लिए अधिक समय भी निकाल सकेंगी। छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अदाणी फाउंडेशन तमनार ने सराईटोला की 12 और मुड़ागांव की 17 छात्राओं को साइकिल प्रदान की। यह पहल उनकी शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने और दैनिक चुनौतियों को कम करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन 24 सितम्बर को अदाणी फाउंडेशन तमनार के ढोलनारा कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सराईटोला के उपसरपंच तुलाराम राठिया, मोहित यादव, श्री जनेराम सार्थी, श्री रूपकिशोर राठिया, गोविंद राठिया, श्रीमती काजमोती यादव, श्रीमती सुमित्रा चौहान, कृष्णा राठिया, कोमल चौहान एवं श्री दिनेश यादव उपस्थित रहे। स्थानीय समुदाय ने इस पहल की सराहना की और इसे छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायक सहयोग बताया।

## एनआईटी में तीन दिवसीय बहु सांस्कृतिक महोत्सव का समापन

**राउरकेला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी राउरकेला में आयोजित वार्षिक बहु-सांस्कृतिक उत्सव कॉस्मोपॉलिटन 2025 का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में देश की सांस्कृतिक विविधता, कला, संगीत और नृत्य का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के अंतर्गत लिटरेरी एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों की परंपराओं को एक मंच पर लाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अक्टूबर को मुख्य अतिथि बृजेश कुमार राय आईपीएसए डीआईजी ऑफ पुलिसए वेस्टर्न रेंज, राउरकेलाद्ध ने किया। इस अवसर पर प्रो. एके तुरुक डीन अकादमिक, प्रो. निरंजन पांडा डीन, छात्र कल्याण, प्रो, रोहन धीमान रजिस्ट्रार, प्रो. राजीव कुमार पांडा प्रेसिडेंट, स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर तथा फिल्म एंड म्यूज़िक सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट प्रो. कुमुदकांत मेहता और प्रो. शिवरमन जे. उपस्थित रहे। दूसरे दिन कार्यक्रम में एनआईटी राउरकेला के निदेशक प्रो. के. उमामहेश्वर राव ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कॉस्मोपॉलिटन जैसे आयोजन संस्थान में विविधता, रचनात्मकता और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। तीन दिनों में 40 से अधिक प्रस्तुतियों ने भारत की बहुरंगी संस्कृति को जीवंत किया। सीता हरण ओडिसी, आदिशक्ति, भरतनाट्यम, लावणी, डंडा नाचा, तेलंगाना फोक, संबलपुरी समूह नृत्य, नेपाली नृत्य, छत्तीसगढ़ के तार, मोहिनीयाट्टम, ब्रज की होली, बोनालु, लीला संगम जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं फैशन सेगमेंट वस्त्रकृति में भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा ने एकता में विविधताश का सुंदर संदेश दिया। समापन समारोह 12 अक्टूबर को हुआए जिसमें छात्र बैंड्स ने शानदार संगीतमय प्रस्तुति दी। प्रदर्शन का मूल्यांकन लाला बीरेन प्रसाद रॉयए प्रो. बिजय जेना और गुरु रतिकांत महापात्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन पर प्रो. राजीव कुमार पांडा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कॉस्मोपॉलिटन छात्रों के बीच संस्कृति और एकता का सेतु बन चुका है जो एक भारत, अनेक संस्कृतियां, की भावना को जीवंत रखता है।

## कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ भुगतान

**सुंदरगढ़।** सरकार द्वारा आम जनता को अपनी शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचाने के लिए जनसुनानी पोर्टल की सूविधा दी गई है। पर क्या जन सुनानी पोर्टल पर जनता द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायत पर न्याय होता है या फिर महज खानापूर्ती के लिए यह पोर्टल बनाया गया है। इसका ताजा उदाहरण सुंदरगढ़ जिला में स्थित नुआगांव ब्लाक अंतर्गत आने वाले बारीलेपटा पंचायत के पतरापाली गांव में देखने को मिला। जहां दो भाइयों उदय नाथ माहतो और प्रफुल्ल कुमार माहतो ने सरकारी योजना के तहत गौशाला का निर्माण करवाया था। पर वर्षों बीत जाने पर भी उन्हें सरकार द्वारा तय धनराशि प्रदान नहीं की गई। तब दोनों भाइयों ने पिछले साल के दिसम्बर माह में जन सुनानी पोर्टल के माध्यम से जिला कलेक्टर के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई, जिसके प्रति उत्तर में प्रखंड़ बिकास अधिकारी द्वारा इस साल के जनवरी माह को कलेक्टर के समक्ष यह जबाब दाखिल कर दिया गया कि समाधान कर दिया गया है। वहीं दोनों याचकों को उनका पैसा दिया जाएगा, जिसमें उदय नाथ माहतो को दो दिनों में पैसे देने की बात कही गई थी, लेकिन वर्ष 2025 अब गुजरने के कागार पर है पर अबतक दोनों भाइयों को उक्त धन राशी प्रदान नहीं की गई है।

**क्या है पूरा मामला** -पातरापाली गंझूटोला निवासी प्रफुल्ल कुमार माहतो को वर्ष 2020-2021 में सरकारी योजना के तहत आईटीडी से पालतू पशुओं के लिए एक गौशाला का लाभ मिला था, जिसके लिए सरकार की ओर से 1,30,000 की धनराशि स्वीकृत की गई थी। यह धनराशि लाभार्थी प्रफुल्ल कुमार माहतो को गौशाला निर्माण कार्य के अनुसार किश्तों में मिलने थे, परंतु प्रफुल्ल कुमार माहतो का कहना है कि उन्होंने किसी तरह पैसे जुटाकर गौशाला का निर्माण तो करा दिया, पर सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशी उन्हें अबतक नहीं मिली है।

## जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले में पहुंचे संजय

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप आयुक्त आयुष रायपुर के निर्देशानुसार रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर थीम पर कलेक्टर महोदय डॉ संजय कन्नौजे जी के संरक्षण में तथा डॉ चंद्रशेखर गौराहा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष ;आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य मेला का आयोजन 12 अक्टूबर को समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक नवीन जिला आयुष अधिकारी कार्यालय पूर्व नगर पालिका प्राथमिक शाला सम्राट चौक फुलझरिया पारा सारंगढ़ में किया गया।



शुभारंभ दीप प्रज्जल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय भूषण पाण्डेय अध्यक्ष जिला पंचायत जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जय बानी शहर मंडल अध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ पुरुषोत्तम अजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं कौशल देतवार जिला क्रीड़ा अधिकारी जिला सारंगढ़ की उपस्थित में प्रारंभ हुआ। जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 530 एवं होम्योपैथी पद्धति से 182 कुल 712 रोगियों का निःशुल्क जांच कर दवा वितरण किया गया, जिनमें रक्त शर्करा जांच 90 हीमोग्लोबिन जांच 16 लोगों का किया गया। इस शिविर में पूरे जिले के आयुष चिकित्सक फार्मासिस्ट औषधालय सेवक प्रयोगशाला तकनीशियन का योगदान सराहनीय रहा। संजय भूषण पाण्डेय द्वारा आयुष्य चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डाला गया उनके द्वारा प्राचीन चिकित्सा पद्धति से लोगों को समग्र लाभ लेने का आह्वान किया गया तथा डॉ शेष बहादुर यादव आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा शासन द्वारा विभागीय सेवाएं की जानकारी दी गई। डॉ यशवंत कुमार स्वर्णकार जिला नोडल अधिकारी आयुष द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समस्त आमंत्रित महानुभाव एवं सम्माननीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

## राउरकेला विधि कॉलेज के प्रधानाध्यापक द्वारा सम्मानित हुए जगन्नाथ घासी



**राउरकेला।** राउरकेला विधि कॉलेज के विद्यार्थी जगन्नाथ घासी को प्रधानाध्यापक बिभू रंजन पटनायक ने वर्ल्ड एड्स डे में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। कॉलेज प्रबंधन के ओर से प्रोफेसर सम्पादिका मोहन्ती, प्रोफेसर प्रज्ञा परमिता पंडा व अन्य उपस्थित थे। वहीं अन्य विद्यार्थियों ने भी उनके इस सामाजिक सरोकार के उद्देश्य से किए गए इस पुण्य कार्य हेतु उन्हें बधाई दी। इस मौक़े पर अन्य मौजूदगी के रूप मे डॉ राजकुमार यादवए शर्मिष्ठा मोहन्तिए अनमोल केरकेट्टा, इंद्रजीत बिरुआ, पुष्पा राज, श्रुती सेठी, राहुल दास व अन्य मौजूद थे।

## एनसीपी के नेता डॉ. राजकुमार केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति एनसीपी की राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र संख्या के माध्यम से की गई है, जो 13 अक्टूबर को केंद्रीय कार्यालय से जारी हुआ। डॉ. राजकुमार यादव, जो अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता, अनुभव और समर्पण के लिए जाने जाते हैं, अब बिहार चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे पूर्ण तन्मयता और अपने समृद्ध अनुभव के आधार पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह तथा अन्य प्रमुख नेताओं के साथ जरूरी समन्वय स्थापित करें। उनका मुख्य उद्देश्य पार्टी के उम्मीदवारों को मजबूत बनाना और चुनावी मैदान में विजयी बनाने के लिए रणनीतिक सहयोग प्रदान करना है। यह नियुक्ति एनसीपी की बिहार में बढ़ती ताकत और चुनावी तैयारियों की दिशा में एक मजबूत संकेत है, जो पार्टी को जनता के बीच और अधिक प्रभावशाली बनाने में मदद करेगी। इस आधिकारिक पत्र की प्रतियां राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह तथा केंद्रीय कार्यालय के अधीक्षक एवं प्रशासनिक प्रभारी चंदन बोस को भी प्रेषित की गई हैं। एनसीपी का यह निर्णय बिहार चुनाव में पार्टी की



सक्रिय भागीदारी और बेहतर परिणामों की दिशा में एक निर्णायक कदम है। डॉ. राजकुमार यादव ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पूर्ण समर्पण के साथ बिहार में एनसीपी की टीम को मजबूत करने और चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्य करूंगा। हमारी पार्टी जन केंद्रित मुद्दों पर फोकस कर बिहार की जनता के लिए एक मजबूत विकल्प बनेगी।

## साइकिल से देश भ्रमण पर निकले प्रदीप

**राजगांगपुर।** पश्चिम बंगाल के हुगली ज़िले के चिनसूरा निवासी 33 वर्षीय प्रदीप विश्वास बीते तीन वर्षों से साइकिल पर सवार होकर देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैला रहे हैं। अब तक वे 15 राज्यों की यात्रा कर चुके हैं और इन दिनों ओडिशा भ्रमण पर हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अंग्रेजी में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले प्रदीप ने निजी नौकरी छोड़ साइकिल यात्रा का मार्ग चुना। उनकी साइकिल पर लगा गो ग्रीन, ग्रो इंडिया साइनबोर्ड लोगों को प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। यात्रा के दौरान वे स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संतुलन और भारतीय संस्कृति की रक्षा के प्रति जागरूक करते हैं तथा साइकिल चलाने को जीवनशैली



देशवासियों को दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देते हैं। राजगांगपुर बस स्टैंड पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों कुतुब रबानी, कोलू भाई, आशीष आदि ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदीप ने बताया कि वे आगे संबलपुर, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की यात्रा करेंगे तथा अगले 34 वर्षों में पूरे भारत की परिक्रमा का संकल्प पूरा करेंगे।

### अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ की टीम 24 घंटे सेवा

# बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल की मातृत्व सशक्तिकरण ने रखा स्वर्णिम इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ द्वारा शुरू की गई मातृत्व सशक्तिकरण पहल क्षेत्र में मिसाल बन गई है। इस विशेष अभियान के तहत सामान्य प्रसव निशुल्क किया जाता है और सिजेरियन डिलीवरी मात्र 24999 में बिना और अतिरिक्त शुल्क के किया जाता है, साथ में बच्चे को हॉस्पिटल प्रबंधन के द्वारा उपहार दिया जाता।

इस अनोखी पहल से अब तक 500 से अधिक महिलाओं का सामान्य प्रसव निशुल्क किया जा चुका है, वहीं 1000 से अधिक सिजेरियन डिलीवरी मात्र 24,999 में सफलतापूर्वक की गई हैं जोकि एक ऐतिहासिक पहल है और यह सेवा आगे भी लगातार जारी है। यह पहल वरिष्ट स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति मिश्रा और मैनेजिंग डायरेक्टर वरिष्ट मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में चलाई जा रही है, जिनका उद्देश्य मातृत्व को सम्मान देते हुए समाज की प्रत्येक महिला को सुरक्षित और निशुल्क किफायती सुलभ चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ अंचल का एकमात्र स्थान हॉस्पिटल है जो निशुल्क नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा के साथ सिजेरियन डिलीवरी इतने किफायती दर पर उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहा है। यहां उन्नत तकनीक से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर तथा अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ की टीम 24 घंटे सेवा में तत्पर रहती है। लगातार निगरानी और गुणवत्तापूर्ण देखभाल के कारण मरीजों में इस अस्पताल के प्रति गहरा विश्वास और संतोष देखा जा रहा है। श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में रोजाना बड़ी संख्या सामान्य प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी के मरीज पहुंच रहे हैं और लोग इस मानवीय पहल की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति मिश्रा ने कहा कि यह पहल केवल एक चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि मातृत्व को सम्मान देने की हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रकाश मिश्रा ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि हर जरूरतमंद मां को सुरक्षित निशुल्क प्रसव और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल आज रायगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में विश्वास और उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411